# ओ.एस.डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, कैथल
## मई परीक्षा (2025-26)
**कक्षा : सातवीं**

**विषय : हिंदी**

Set A

**समय: 1 घंटा 20 मिनट** **M.M. : 30**

**सामान्य निर्देश :-**

1. **सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।**
2. **प्रश्नों के उत्तर देते समय उत्तर पुस्तिका में प्रश्नों की क्रम संख्या अवश्य लिखें।**
3. **लिखावट सुंदर लिखें।**
4. **इस प्रश्न पत्र के तीन खंड हैं - खंड क, ख, और ग ।**

| प्रश्न संख्या | प्रश्न (खंड क) | अंक |
|---|---|---|
| 1 | **निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए:-**<br>अनुशासन मनुष्य जीवन का प्राण है ।अनुशासनहीन मनुष्य न तो देश का सभ्य नागरिक बन सकता है और न ही अपने व्यक्तिगत जीवन को सफल बना सकता है। मर्यादित एवं नियमबद्ध जीवन व्यतीत करने का नाम अनुशासन है। अनुशासनहीनता का मुख्य कारण माता-पिता की ढील है। बालक पर सर्वप्रथम अपने माता-पिता के संस्कारों का प्रभाव पड़ता है ।माता-पिता के लाड- प्यार से बच्चे बिगड़ जाते हैं। आज माता-पिता को आजीविका कमाने से इतना अवकाश नहीं है कि वे अपने बच्चों की ओर ध्यान दे सकें ।अनुशासनहीनता का दूसरा कारण है- हमारी दूषित शिक्षा प्रणाली ।आज की शिक्षा में चरित्र निर्माण और नैतिक शिक्षा की ओर ध्यान नहीं दिया जाता ।देश की सबसे बड़ी चुनौती विद्यार्थियों में व्याप्त अनुशासनहीनता है ।अंत: शिक्षा पद्धति में परिवर्तन किया जाना आवश्यक है ।विद्यार्थियों के चरित्र निर्माण व नैतिक शिक्षा पर बल दिया जाना चाहिए ।तथापि उन्हें ऐसी व्यावसायिक शिक्षा दी जाए जिससे कि वह शिक्षित होकर स्वावलंबी बन सकें । | |
| | 1)बालक पर सर्वप्रथम किसके संस्कारों का प्रभाव पड़ता है?<br>क) माता-पिता ख) समाज ग) देश घ) परिवार | 1 |
| | 2)विद्यार्थियों को व्यावसायिक शिक्षा देने से क्या लाभ होगा?<br>क) शिक्षित होकर स्वावलंबी बन सकेंगे ख) अशिक्षित रह जाएँगे<br>ग) नौकरी से वंचित हो जाएँगे घ) इनमें से कोई भी नहीं | 1 |
| | **कथन(A)और(R)कारण को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए।**<br>3) अभिकथन (A)आज माता-पिता को आजीविका कमाने से इतना अवकाश नहीं है कि वे अपने बच्चों की ओर ध्यान दे सकें ।<br>कारण (R)माता-पिता के लाड़ -प्यार से बच्चे बिगड़ जाते हैं।<br>क)कथन(A) सही तथा कारण (R) गलत है।<br>ख) कथन (A) गलत है लेकिन कारण (R)सही है।<br>ग) कथन(A) तथा कारण (R)दोनों गलत हैं।<br>घ) कथन(A) तथा कारण (R) दोनों सही है ।(R)( A) की सही व्याख्या है। | 1 |
| | 4)अनुशासनहीनता के दो प्रमुख कारण कौन-कौन से हैं? | 2 |
| 2 | **क**) निम्न शब्दों के वचन बदलो : **पटाखा, मिठाई** | 1 |
| | **ख**) निम्न शब्दों के विलोम शब्द लिखें : **अमीरी, प्रशंसा** | 1 |
| | **ग**) निम्न शब्दों के शुद्ध रूप लिखें : **आंधी, धन्यावाद** | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| | **घ**) निम्न शब्दों की भाववाचक संज्ञा लिखें : **बहादुर,बुरा**<br>**ङ**) निम्नलिखित वाक्यांश के लिए एक शब्द लिखिए : **जिसमें धैर्य हो** | **1**<br>**1** |
| **3** | **क)** निम्न शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखे : **साँप, पानी**<br>ख) निम्न मुहावरों का अर्थ लिखिए **: मुँह की खाना, दाँत पीसना** | **2**<br>**1** |
| **4** | **निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए -**<br>चैत महीने का प्यारा, सुंदर रूप अनूप है।<br>गरम हवा चलने लगती,खट्टमिट्ठी-सी धूप है।<br>आते ही बैसाख के,छुट्टी हुई मदरसों की।<br>लगा गूँजने घर-आँगन,किलकारी से बच्चों की।<br>1) 'बारहमासा' पाठ के कवि का नाम क्या है?<br>क) रामनारायण ख) नारायण लाल परमार ग) कृष्णलाल घ) कृष्णकुमार<br>2) चैत माह की धूप कैसे लगती है?<br>(क) धीमी ख) तेज ग) खट्टमिट्ठी-सी घ) सुहावनी<br>3) बैसाख महीने में बच्चों की किलकारी कहाँ गूँजती है?<br>(क) मंदिरों में ख)स्कूलों मे ग) घरों में घ) गुरुद्वारों मे<br>4) किस महीने का रूप प्यारा व सुंदर होता है?<br>क) चैत ख) जेठ ग) सावन घ) कार्तिक | **1×4 =4** |
| **5** | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो से तीन वाक्य में दीजिए-**<br>क) राकेश ने नाटक में स्वयं अभिनय क्यों नहीं किया था?<br>ख) पतंगें उड़ानें के लिए बच्चे क्या -क्या करते हैं?<br>ग) साँप द्वारा पकड़े जाने पर निर्मला को क्या लगा?<br>घ) सोहन व श्याम कौन-कौन सी भूमिका निभा रहे थे? | **2×4 =8** |
| **6** | **( खंड -ग)**<br>निम्न में से किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए-<br>• व्यायाम के लाभ, विद्यार्थी जीवन में अनुशासन का महत्त्व | **5** |

**ओ.एस.डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, कैथल**
**मई परीक्षा (2025-26)** **Set B**
**कक्षा : सातवीं**
**विषय : हिंदी**

**समय: 1 घंटा 20 मिनट** **M.M. : 30**

**सामान्य निर्देश :-**

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
2. प्रश्नों के उत्तर देते समय उत्तर पुस्तिका में प्रश्नों की क्रम संख्या अवश्य लिखें।
3. लिखावट सुंदर लिखें।
4. इस प्रश्न पत्र के तीन खंड हैं - खंड क, ख, और ग ।

| प्रश्न सं | प्रश्न (खंड क) | अंक |
|---|---|---|
| 1 | **निम्नलिखित** अपठित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए।<br>जब फास्ट फूड खाने की बात हो ,तो बच्चे ललचाते हैं। इसे बनाने में कम समय लगता है और बाजारों में भी यह सरलता से मिल जाते हैं। बच्चे फल ,सूप या अंकुरित वस्तुएँ खाने के बदले फास्ट फूड खाना पसंद करते हैं ।नूडल , बर्गर और पिज़्ज़ा की बड़ी माँग है। यद्यपि ये बनाने में बड़े आसान हैं ,फिर भी ये हमारे लिए हानिकारक हैं ।इनमें हमारे शरीर के लिए अच्छी पोषण उपयोगिता नहीं होती। बहुत से शोधकर्ताओं ने सिद्ध किया है कि इन खाद्य पदार्थों का उपयोग स्वास्थ्य के लिए अच्छा नहीं है ।इन्हें तेल में तलकर पकाया जाता है जो स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव डाल सकता है। इससे हम मोटे हो सकते हैं। मोटापे से मधुमेह और उच्च रक्तचाप हो सकते हैं ।जो बच्चे अधिक फास्ट फूड खाते हैं,उन्हें जीवनशैली से जुड़ी बीमारियाँ हो सकती हैं जैसे मधुमेह और उच्च रक्तचाप ।उनका विकास उन बच्चों की अपेक्षा अधिक प्रभावित होगा, जो पौष्टिक भोजन करते हैं। लोग पश्चिमी सभ्यता का अनुकरण कर रहे हैं और घर पर बने खाने के स्थान पर फास्ट फूड को वरीयता दे रहे हैं। यह पश्चिमी सभ्यता को अपनाने के दुष्प्रभावों में से एक है। | |
| | 1) बच्चे कब ललचाते हैं ?<br>क)खिचड़ी खाने के लिए ख) चावल खाने के लिए<br>ग) फास्ट फूड खाने के लिए घ) साग खाने के लिए | 1 |
| | 2 किसके बदले बच्चे फास्ट फूड खाना पसंद करते हैं ?<br>क) फल ख) अंकुरित अनाज ग) सूप घ) उपर्युक्त सभी | 1 |
| | 3) **कथन(A)और(R)कारण को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए ।**<br>**अभिकथन(A)**: फास्ट फूड का उपयोग स्वास्थ्य के लिए अच्छा है।<br>**कारण(R)**: यह हमारे स्वास्थ्य पर अच्छा प्रभाव डाल सकता है।<br>क) कथन(A) सही तथा कारण (R) गलत है।<br>ख) कथन (A) गलत है लेकिन कारण (R)सही है।<br>ग) कथन(A) तथा कारण (R)दोनों गलत हैं।<br>घ) कथन(A) तथा कारण (R) दोनों सही है किंतु (A)(R)आपकी सही व्याख्या नहीं करता। | 1 |
| | 4) फास्ट फूड का हमारे स्वास्थ्य पर क्या - क्या प्रभाव पड़ता है?( कोई दो ) | 2 |
| 2 | **क**) निम्न शब्दों के वचन बदलो : **पतंग,दवाई** | 1 |
| | **ख**) निम्न शब्दों के विलोम शब्द लिखें : **गरीबी,गुण** | 1 |
| | **ग)** निम्न शब्दों के शुद्ध रूप लिखें : **न्यारी,मोसम** | 1 |
| | **घ**) निम्न शब्दों की भाववाचक संज्ञा लिखें : **लंबा, बच्चा** | |
| | **ङ**) निम्नलिखित वाक्यांश के लिए एक शब्द लिखिए : जिसका मूल्य अधिक हो | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| 3 | **क)** निम्न शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखे : **दैत्य, कपड़ा**<br>ख)निम्न मुहावरों का अर्थ लिखिए**: दाँत पीसना,मुँह की खाना** | **2**<br>**1** |
| 4 | **खंड ख**<br>निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए<br>कार्तिक में जाड़ा आता, साथ पटाखे फुलझाड़ियाँ।<br>फबती सबके चेहरों पर,मुस्कानों की मधु लड़ियाँ।<br>अगहन नाच नचा देता , बर्फ़ सरीखा है पानी।<br>चलो नहा लो माँ कहती ,नहीं चलेगी मनमानी।<br>1) कार्तिक महीने का मुख्य त्योहार कौन -सा है?<br>क) दुर्गापूजा ख) दीवाली ग) भैयादूज घ) होली<br>2) कार्तिक महीने में किसकी शुरुआत हो जाती है?<br>क) वर्षा होने की ख) बादल छाने की।<br>ग) मौसम सुहावना होने की घ) जाड़ा पड़ने की<br>3) किस महीने में पानी बर्फ जैसा लगता है?<br>क) क्वार ख) माघ ग) कार्तिक घ) अगहन<br>4) प्रस्तुत कविता का नाम लिखिए।<br>क) समय ख) बारहमासा ग) समय घ) कार्तिक | **1×4**<br>**=4** |
| 5 | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो से तीन वाक्य में दीजिए-**<br>क) महीनों की पहचान की तरह अपनी पहचान बनाने के लिए क्या करना चाहिए?<br>ख) राकेश ने नाटक में स्वयं अभिनय क्यों नहीं किया?<br>ग) साँप द्वारा पकड़े जाने पर निर्मल को क्या लगा?<br>घ) मोहन व सोहन कौन-कौन सी भूमिका निभा रहे थे? | **2×4**<br>**=8** |
| 6 | **( खंड -ग)**<br>निम्न में से किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए-<br>व्यायाम के लाभ, विद्यार्थी जीवन में अनुशासन का महत्त्व | **5** |

**ओ .एस .डी. ए .वी पब्लिक स्कूल, कैथल**
**मई परीक्षा (2025-26)**
**विषय हिंदी**
**कक्षा सातवीं**
**Set -A**

**अधिकतम अंक 30**

**निर्देश- यदि ऐसा कोई सही उत्तर जो परीक्षार्थी ने लिखा है परंतु निम्नलिखित उत्तर संकेत में सम्मिलित न हो तो उसके भी यथासंभव अंक दिए जाएँ।**

| उत्तर | अपेक्षित मूल्यांकन बिंदु<br>खंड -क | अंक |
|---|---|---|
| 1 | 1) क) माता-पिता<br>2) क) शिक्षित होकर स्वावलंबी बन सकेंगे<br>3) घ) कथन (A)तथा कारण (R) दोनों सही हैं और (R)(A) ही सही व्याख्या है।<br>4) माता-पिता की ढील , हमारी दूषित शिक्षा प्रणाली | 1<br>1<br>1<br>2 |
| 2 | क) पटाखे, मिठाइयाँ<br>ख) गरीबी, निंदा<br>ग) आँधी, धन्यवाद<br>घ) बहादुरी, बुराई<br>ङ) धैर्यवान | 1<br>1<br>1<br>1<br>1 |
| 3 | क) नाग,अहि, व्याल, सर्प<br>जल,सलिल, वारि, अंबु<br>ख) हार जाना, गुस्सा करना | 1<br>1<br>1 |
| 4 | खंड ख<br>1) ख नारायण लाल परमार<br>2) ग खट्टमिट्ठी सी<br>3) ग घरों में<br>4) क चैत | 1×4=4 |

| | | |
|---|---|---|
| 5 | **क) राकेश के हाथ में फुटबॉल खेलते समय चोट लगी थी। उसे पट्टी के द्वारा अपना हाथ गर्दन के सारे लटकाए रखना पड़ता था। इसलिए वह स्वयं अभिनय नहीं कर रहा था।**<br>**ख) पतंग उड़ाने के लिए बच्चे आपस में बाज़ी लगाते हैं। वे एक दूसरे की पतंग कट कर खुश होते हैं।वे कटी पतंग को उठाने के लिए खूब शोर - शराबा करते हैं और एक दूसरे को हराने का प्रयास करते हैं।**<br>**ग) निर्मला को लगा कि उसकी हड्डियाँ चूर- चूर हो जाएँगी और वह मर जाएगी।**<br>**घ) सोहन उर्दू का शायर व श्याम संगीतकार।** | 2×4=8 |
| 6 | खंड ग<br>अनुच्छेद लेखन<br>• **विषय वस्तु**<br>• **अभिव्यक्ति**<br>• **भाषयी शुद्धता** | 3<br>1<br>1 |

**ओ .एस .डी. ए .वी पब्लिक स्कूल, कैथल**
**मई परीक्षा (2025-26)**
**विषय हिंदी**
**कक्षा सातवीं**
**Set -B**

**अधिकतम अंक 30**

**निर्देश- यदि ऐसा कोई सही उत्तर जो परीक्षार्थी ने लिखा है परंतु निम्नलिखित उत्तर संकेत में सम्मिलित न हो तो उसके भी यथासंभव अंक दिए जाएँ।**

| **उत्तर** | **अपेक्षित मूल्यांकन बिंदु**<br>**खंड -क** | **अंक** |
|---|---|---|
| 1 | 1) ग) फास्ट फूड खाने के लिए<br>2) घ) उपर्युक्त सभी<br>3) ग) कथन (A)तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।<br>4) इससे हम मोटे हो सकते हैं। मोटापे से मधुमेह और उच्च रक्तचाप हो सकते हैं। | 1<br>1<br>1<br>2 |
| 2 | क) पतंगें,दवाइयाँ<br>ख) अमीरी, दोष/अवगुण<br>ग) न्यारी, मौसम<br>घ) लंबाई, बचपन<br>ङ) मूल्यवान | 1<br>1<br>1<br>1<br>1 |
| 3 | क) राक्षस ,असुर ,दानव,<br>पट,वस्त्र ,चीर<br>ख) गुस्सा करना,हार जाना | 1<br>1<br>1 |
| 4 | खंड ख<br>1) ख दीवाली<br>2) घ जाड़ा पड़ने की<br>3) घ अगहन<br>4) ख बारहमासा | 1×4=4 |

| | | |
|---|---|---|
| 5 | **क) समाज में फैली बुराइयों को खत्म कर देश को आगे बढ़ना चाहिएचाहिए, अच्छे गुणों को अपनाते हुए समाज के निर्माण में सहयोग देना चाहिए।**<br>**ख) पतंग उड़ाने के लिए बच्चे आपस में बाज़ी लगाते हैं। वे एक दूसरे की पतंग कट कर खुश होते हैं।वे कटी पतंग को उठाने के लिए खूब शोर - शराबा करते हैं और एक दूसरे को हराने का प्रयास करते हैं।**<br>**ग) निर्मला को लगा कि उसकी हड्डियाँ चूर- चूर हो जाएँगी और वह मर जाएगी।**<br>**घ) मोहन चित्रकार व सोहन उर्दू का शायर** | **2×4=8** |
| **6** | **खंड ग**<br>**अनुच्छेद लेखन**<br>• विषय वस्तु<br>• अभिव्यक्ति<br>• भाषयी शुद्धता | **3**<br>**1**<br>**1** |